6 परियोजना का मूल्यांकन (Overall Assessment)–एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन परियोजना के कियान्वन से बंदरकोल गांव के 49 व सेमरिया गांव के कुल 85 परिवारों में मेडबंदी कार्यक्रम से आजीविका संवर्धन कार्य को बल मिला एवं आय में वृद्धि हुई, किसानों के चेहरें पर खुशी का भाव देखने को मिला एवं जल संरक्षण के बारे में किसानों में जागरूता बढी। कृषि विभाग , वन विभाग , ब्लाक एवं पंचायती राज जैसे विभिन्न कार्यालय से इनके संबंध बढे एवं समाज कल्याण के बारे में जानकारी बढी। समय–समय पर किसानों के लिए भ्रमण एवं क्षमता वृद्धि कार्यक्रम आयोजित किये जिससे कार्यक्षमता में वृद्धि हुई। किसानों में मनोवैज्ञानिक क्षमता की भी वृद्धि हुइ एवं आगे बढने की प्रवृत्ति बढी। कृषि की नई–नई तकनीक एवं बीज शोधन एवं बीज उपचार के विभिन्न पद्धतियों का ज्ञान हुआ। इस प्रकार कहा जा सकता है कि यदि संपूर्णता में देखा जाए तो किसानों को बहुत अधिक लाभ हुआ है। यदि इसी प्रकार यह कार्य निरन्तर प्रच साल चला दिया जाए तो बहुत अधिक परिवर्तन देखने को मिलेगा।

7 प्रचार–प्रसार एवं जागरुकता कार्यशाला (Dissemination Workshop)

दिनांक 11 अगस्त 2015 दिन मंगलवार को सामाजिक विकास संस्थान चित्रकूट द्वारा संचालित एकीकृत प्राकृतिक संस्थान प्रबंधन परियोजना के तहत बन्दरकोल एवं सेमरिया के किसानो का प्रचार–प्रसार एवं जागरुकता कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर चित्रकूट में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम संचालन परियोजना समन्वयक जितेन्द्र प्रताप सिंह कार्यक्रम की रुपरेखा बताते हुये कहा कि किसानो को अपने खेत में प्रबन्धक के रुप में कार्य करना चाहिये है। मजदूर समझ कर नही, किसानो का अपनी 1 साल की योजना बनाकर खेती करेगें तो खेती की उत्पादकता बढेगी।

रामहंस जी जिला सलाहकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन ने बताया कि हरित क्रान्ति के पश्चात् हमारे देश में उत्पादन क्षमता में तीव्रतम वृद्धि हुई है। किन्तु रासायनिक उर्वरकों के अधिक प्रयोग से अनाजों की गुणवत्ता में कमी आयी है। इसका मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण में बुरा प्रभाव पड रहा है। खेत में मिटट्ी को 18 पोषक तत्वों की आवश्यकता अच्छे उत्पादकता के लिये होती है। किसानो को दहलनी फसल की उत्पादकता को बढाने के लिये कहा। जमीन में कार्बनिक पदार्थ जैव उर्वरक जिप्सम माइक्रोन्यूट्रिमेन्टस को प्रयोग करने से उर्वरको का प्रयोग कम किया जा सकता है।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी चित्रकूट के यहां कार्यरत कृषि रक्षा पर्यवेक्षक रमेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि जैविक खेती के लिये हमेशा गर्मी की जुताई एवं हरी खाद की बुआई करना जरुरी रहता है। फसलों को कीटों से रक्षा करने के लिये एकीकृत नाशी कीट प्रबन्धन के अर्न्तगत गोमूत्र, नीम, धतूरा, लहसून, मदार, मिर्च, अदरक आदि से निर्मित कीटनाशकों या जैविक कीट नीशियों वैवेरिया, वैसियाना, बीटी, एन0पी0वी0, ट्राइकोडर्मा आदि का प्रयोग करना लाइट ट्रेप फेरोमोन ट्रेप खेतो में लगाने की सलाह दी। साथ ही मित्र कीटों की संरक्षण पर बल देने हेतु कहां मृदा परीक्षण के उपरान्त उर्वरकों के पयोग के लिये कहा गया तथा बताया गया कि किसान अपनी खेत की मिट्टी को जांच के लिये कृषि विभाग अथवा प्रयोगशाला भेजें इसके लिये किसान अपनी खेत के 5–6 जगहो से अलग–अलग हिस्सों से मिट्टी लेकर आपस में मिला लें। फिर उसे आधा करें यह किया तब तक करें जब तक मिट्टी का वजन 500 ग्रा न हो जायें। यह मिट्टी समग्र खेत की मिट्टी नमूने के लिये उपयुक्त होगी। भूमि शोधन के लिये ब्यूवेरिया वैसियाना का प्रयोग करके दीमक कीट का बचाव किया जा सकता है। व फसलो की नियमित निगरानी के साथ खेत के मेडो की सफाई रखना चाहिये किसान बीजो को थीरम, कार्वेण्डाजिम, ट्राईकोडर्मा से शोधित कर ही बोये इससे फसलो में रोग लगने की कम समस्या रहती है। फसलो में दवा का छिडकाव शाम को करे क्योकि दिन मे मित्र कीडे व रात्रि में शत्रु कीडे निकलते है। साथ यह भी बताया कि जहां तक सम्भव हो जैविक रासायनो का ही प्रयोग करें यदि जैविक रासायनो से कीट नियन्त्रित नही होता तो कम जहरीली एवं सुरक्षित रासायनों का प्रयोग करे, बीज शोधन एवं जैविक रासायन पर 75 प्रतिशत एवं अन्य दवाओं पर 50 प्रतिशत अनुदान कृषि विभाग द्वारा अनुमान्य है।

उपकृषि निदेशक जगदीश नारायण ने उ0प्र0 सरकार की चल रही पारदर्शी योजना के बारे में बताया कि किसान खतौनी पासबुक की फोटो कॉपी पहचान पत्र और मो0न0 लेकर जिला कृषि कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराकर कृषि सामाग्री प्राप्त करें। इसमें दी जाने वाली सब्सीडी सीधे किसान के खाते में जायेगी।

ग्रामोदय वि0वि0 चित्रकूट के प्रोफेसर डा0 पवन सिरोठिया जी ने बताया कि खेत मे कोई भी रासायनिक दवा का इस्तेमाल सोच समझकर करना चाहिये। इसकी मात्रा का पता मृदा स्वास्थ्य कार्ड से ही चलता है। खेत की उपजाऊ मिट्टी को 18 पोषक तत्वो मे कार्बन, आक्सीजन, हाइड्रोजन जो प्रकृति में प्रचूर मात्रा में उपलब्ध है असानी से मिल जाते है फास्फोरक पेड की जडो को मजबूत बनाता है पोटास पेडो मजबूती देता है। ऐसे अनेक तत्वो की पूर्ति किसान अपने मृदा को नही दे पाता इसकी पूर्ति गोबर की खाद्य हरी खाद्य को डालने से की जा सकती है। गोबर खाद्य के लिये पशु धन को बढावा दें। हरी खाद्य सनई, मूंग, उडद, छिडक दे। सनई 35 से 40 दिन मूंग उडद 20 से 25 दिन होने के बाद जुताई कर मिला दे वह जब सड जायेगी तो बनी खाद्य सभी 18 पोषक तत्वो की पूर्ति करेगी। यह खाद्य खेत के लिये 3 साल तक पर्याप्त होती है। नैडप कम्पोस्ट द्वारा निर्मित खाद्य भी सभी पोषक तत्वो की पूर्ति करती है। इसे बनाने के लिये हरी पत्ती, गोबर, गोमूत्र, 2 इंच दीमक की मिट्टी की परत, 9 इंच गोबर की परत, नीम की टहनी, कचडा, भूसा, पत्ती, सब्जी का कचडा आदि डाले इस प्रकार तीन परत बनाकर मिट्टी से लेप करे। अन्तिम लेप करते समय थोडा

यूरिया छिडक दे उससे तैयार खाद्य सारे तत्वों की पूर्ति करता है। कम्पोस्ट खाद्य हरी खाद्य, गोबर खाद्य के प्रयोग से खेती को सिचांई की कम जरुरत पडती है।

डा0 वाई0के0 सिंह ने बताया की किसानो को ज्यादा से ज्यादा जैविक खाद्य का ही प्रयोग करना चाहिये रासायनिक खादो से स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर बूरा प्रभाव पडता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्रामोदय वि0वि0 के कृषि संकाय के प्रोफेसर डा0 के0के0 सिंह ने किसानो को बताया कि उन्नत शील बीजो का प्रयोग करने से उत्पादन अच्छा होगा। जिससे आय में वृद्धि होगी। सेमरिया एवं बन्दरकोल के किसानो ने बताया कि सामाजिक विकास संस्थान द्वारा खेतो मे मेडबन्दी करने से वर्षा का जल खेत में रुका हुआ है। जिससे कुऐं का जलस्तर 3 फीट ऊपर आ गया खेतो में नमी रहती है। फसल का उत्पादन दो गुना हो गयी है।

8. सुझाव (Recommendations)- एकीकृत प्राकृतिक प्रबंधंन संसाधन परियोजना के संचालन एवं क्रियान्वयन से सामाजिक विकास संस्थान के सभी कार्यकर्ताओं को प्राकृतिक संसाधन प्रबंधंन का एक नया पाठ सीखने को मिला। यह सीख भविष्य की परियोजना के संचालन में बहुत ही मददगार सावित होगा। इस क्षेत्र में यदि इस परियोजना को पांच साल और चलाया जाए तो किसानों को बहुत अधिक लाभ होगा एवं सतत् विकास में मील का पत्थर सावित होगा।

केस स्टडी–1

महबूब अली–श्रीमान **महबूब अली** जी ग्राम **सेमरिया** के निवासी है। जिनके खेत में समेकित प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन के अन्तर्गत मेडबन्धी कार्य किया गया है। मेडबन्धी के वाद वर्षा का जल किसान के खेत में रूकने लगा। जब किसान के खेत में मेड नही थी तो खेत का पानी बह कर नाले में चला जाता था। नाले से नदी में चला जाता जिसका उपयोग किसान नही कर पाते थे। साल मे अरहर , चना और गेहूं के अलावॉ अन्य फसलो का उत्पादन नही होता था। जब खेत मे मेड पड़ गयी तो खेत का पानी खेत मे रूकने लगा। कुऍ का जल स्तर ऊपर आ गया। खेतों में नमी भी बनी रही जब खेत में नमी आ गयी तो किसान धान की खेती परम्परागत तरीके से करते आ रहे थे उसी खेत में किसान को श्रीविधि से धान लगाने के लिए बताया गया तो किसान तैयार हुआ। बीज शोधन की सारी प्रक्रिया अपनायें। नर्सरी में 14 दिन का पौधा हो गया तो लगाने के लिए जब दूरी पर हम नही लगायेगें क्योंकि हमारा खेत खाली पड़ा रह जायेगा। इतने छोटे पौधे को इतनी दूरी पर नही लगायेगें। थोड़ी सी जगह में आप अपनी विधि वाला लगाइए। 3 डेसीमल में श्रीविधि से धान का पौधा लगाया गया। 15 दिन तक पौधा बहुत ही कमजोर था लेकिन जब पहली गुडाई हुयी तो बड़ी तेजी से बढ़ना शुरू हो गया जिसमें 40 ादिन के पौधे में 36 कल्ले निकले थे। 45 दिन के बाद किसान ने बताया कि एक पौधे में 42 कल्ले निकल आये थे। जिसमें 200 किलोग्राम पैदावार उसी 3.75 डेसीमल खेत में हुआ। 53 **कुंतल प्रति एकड़ उत्पादन हुआ** उतना पैदावार परम्परागत तरीके से नही हुआ था। वही किसान रवी की फसल में मटर , चना , गेहूं अपने आप से प्रेरित होकर श्रीविधि से लगाया है।

केस स्टडी–2

श्रीमान लेखराम जी ग्राम बन्दर कोल के निवासी है जिनके खेत में समेकित प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन परियोजना के अन्तर्गत मेड़बन्धी कार्य किया गया। मेड़बन्धी होने के पश्चात् इनके खेतों में पानी रूकने लगा। इन्होने कृषि कार्य करने के लिए मन बनाया। खरीफ में इन्होने पहली बार अपने खेत में धान की खेती श्रीविधि से किया। धान में इन्होने बीज शोधन करने के बाद नर्सरी तैयार करके नर्सरी में बीज को डाले थे। 16 दिन के पौध को लाइन से लाइन तथा पौध से पौध एक निश्चित् दूरी पर लगाये थे। निराई–गुडाई एवं जीवामृत का छिड़काव किसान समय–समय पर करता रहा है। 5.63 डेसीमल में .8 कुन्टल धान की पैदावार हुयी थी। जहां पर किसान को वर्ष भर में एक ही फसल से सन्तुष्ट होना पडता था। उसी खेत में किसान तीन–तीन फसले ले रहा है साथ ही साथ किसान सब्जी की खेती कर रहा है जिससे किसान के आय में वृद्वि हुयी है। 5 डेसीमल जमीन में किसान टमाटर, बैगन एवं मिर्च की खेती की थी। जिससे टमाटर में किसान को उतना लाभ नही मिला। लेकिन बैगन में किसान को अच्छी आय प्राप्त हुयी। 1.1 **डेसीमल एरिया में** 800 किलोग्राम बैगन में 7000 रू का मुनाफा हुआ। 14.3 **डेसीमल एरिया में** 1100 किलोग्राम **प्याज** में 22500रू का मुनाफा हुआ।

1.6 **डेसीमल एरिया में** 250 किलोग्राम मिर्च में 5800रू का मुनाफा हुआ। किसान ने बताया कि सब्जी में कुल मिलाकर 80000रू की आय में वृद्वि हुयी। किसान ने बताया कि इसी खेत से किसान को 80000रू का मुनाफा हुआ।

श्रीमान लेखराम जी ने बताया कि खरीफ में सब्जी की अच्छी फसल थी तो रवी में भी सब्जी की खेती करने का निर्णय लिया। रवी में किसान मूली, पालक, धनिया, गाजर , पपीता , गोभी, लौकी , सेम , कोहडा एवं मटर की खेती की । जिसमें किसान को 5000 रू का मुनाफा हुआ था। जायद में किसान भिन्डी , करेला , कोहडा , लौकी , तोरोइ , मूली , पालक एवं गाजर की खेती की है। किसान ने बताया कि सब्जी अपने खाने के लिए बाजार से लाते थे। इस वर्ष हमारे खेत में हो गयी । हम तो स्वयं खाये। हमारे आस–पास के लोग भी सब्जी हमारे खेत से खाने के लिए ले गये और वो लोग भी सब्जी की खेती करने के लिए सोचा है कहे की अगले वर्ष हम भी अपने खेत में सब्जी की खेती करेगें।

केस स्टडी–3

श्री राजकुमार –श्रीमान **राजकुमार** जी ग्राम बन्दरकोल के निवासी है। जिनके खेत में समेकित प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन के अन्तर्गत मेडबन्धी कार्य किया गया है। मेड़बन्धी कार्य होने के बाद में आपने परम्परागत तरीके से खेती करते रहे। इन्होने देखा खरीफ की फसल में जो किसान धान एवं सब्जी की खेती श्रीविधि से किये उनकी फसल अच्छी हुयी। किसान के आय में वृद्वि हुई। तो इन्होने किसान क्षमता वृद्वि कार्यक्रम में आये। वहॉ पर आने के बाद इनका मन रवी की फसल श्रीविधि से करने का निर्णय लिये। है। किसान टमाटर, बैगन एवं मिर्च की खेती की थी। जिससे टमाटर में किसान को उतना लाभ नही मिला। लेकिन बैगन में किसान को अच्छी आय प्राप्त हुयी। .9 **डेसीमल एरिया में** 500 किलोग्राम बैगन में 3300 रू का मुनाफा हुआ। 1.2 **डेसीमल एरिया में** 190 किलोग्राम मिर्च में 3500रू का मुनाफा हुआ। किसान ने बताया कि सब्जी में कुल मिलाकर 60000रू की आय में वृद्वि हुयी। किसान ने बताया कि इसी खेत से किसान को 60000रू का मुनाफा हुआ।

जिस खेत में किसान को 8000रू का फायदा होता था उसी खेत की आय 60000रू में जा पहुंची। उसी प्रकार किसान 28 डेसीमल में चना **मटर** श्रीविधि से किया है जो प्राकृतिक आपदा के कारण नष्ट हो गई। 7 डेसीमल में गेहूं की खेती किया है जिसमें एक पौधे में 18 से 20 कल्ले निकल आये।

नोट–

1–110 किसान के यहॉ मूली , पालक , गाजर , गोभी , टमाटर , पपीता , बैगन , मिर्च , लौकी , कुहडा , रेरूआ ,एवं करैला लगाये है जो स्वयं खाने के उपयोग में कर रहे है ।

बीज अंकुरण एवं शोधन

खरीफ की बुवाई एवं फसल

रबी की बुआई

बेड पद्धति से सब्जी उत्पादन

सब्जी उत्पादन

प्रशिक्षण कार्यक्रम

कृषि विज्ञान केन्द्र, गनीवां का भ्रमण

कृषि विज्ञान केन्द्र, मझगवां भ्रमण

कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम

जैविक कीटनाशकों की तैयारी

जैविक विधि से सब्जी उत्पादन

मचान विधि से सब्जी उत्पादन

किसानों को खरीफ खेती के बताए तरीके

चित्रकूट | हिन्दुस्तान संवाद

प्रशिक्षण

- सेमरिया व बंदरकोल गांव में सामाजिक विकास संस्थान ने आयोजित किया कार्यक्रम
- आम, अमरूद, पपीता, बेर, बेल, कटहल एवं फूलों की खेती कर आय बढ़ाने की सलाह

सामाजिक विकास संस्थान चित्रकूट द्वारा संचालित एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन परियोजना के अन्तर्गत सेमरिया व बन्दरकोल ग्राम पंचायत में जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया। इसमें खरीफ खेती के लिए किसानों को नई जानकारियां दी गईं। कृषि विभाग की कई योजनाओं के बारे में भी बताया गया।

जिला कृषि रक्षा इकाई कर्वी के रमेश कुशवाहा ने फसल की सुरक्षा के विषय में कहा कि दिन में मित्र कीड़े रात्रि में शत्रु कीड़े निकलते हैं। फसल में दवा दिन में नहीं शाम को डालना चाहिए, फसल में फूल आने से पहले ही दवा का छिड़काव करें। पारदर्शी योजना रजिस्ट्रेशन के लिए खतौनी, पासबुक की फोटोकापी, पहचान पत्र व मोबाइल नम्बर लेकर जिला कृषि कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराकर कृषि सामाग्री प्राप्त करें। इसमें दी जाने वाली सब्सिडी सीधे किसान के खाते में जायेगी। मृदा विशेषज्ञ पवन शिरोठिया ने कहा कि खेत में पांच वर्ष में तीन अंगुल मिट्टी बनकर तैयार होती है। उद्यान विशेषज्ञ डॉ शिवशंकर सिंह ने सब्जी और फलदार वृक्षों की खेती के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा आम, अमरूद, पपीता, बेर, बेल, कटहल एवं फूलों की खेती कर अपनी आय को बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ केके सिंह ने किसानों को उन्नतिशील बीज प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। अन्त में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के प्रो डॉ विनोद शंकर सिंह ने सभी किसनों से कहा कि जो जानकारी यहां मिली है उसका प्रयोग अपने खेतों में करें और अधिक उत्पादन लें। संचालन परियोजना समन्वयक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर हिमांशु सिंह, अभिषेक पाण्डेय, नरेश कुमार, राहुल त्रिपाठी थे।

www.samaylive.com

राष्ट्रीय सहारा

सच कहने की हिम्मत

राष्ट्रीयता • कर्त्तव्य • समर्पण

चित्रकूट

कानपुर । शुक्रवार • 14 अगस्त • 2015

रासायनिक उर्वरक का इस्तेमाल सोच समझकर करें किसान

चित्रकूट, (एसएनबी)। सामाजिक विकास संस्थान द्वारा संचालित एकीकृत प्राकृतिक संस्थान प्रबंधन परियोजना के तहत बंदरकोल एवं सिमरिया के किसानों का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता कार्यशाला का आयोजन राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में गुरुवार को किया गया। इसमें किसानों के अच्छे उत्पादन के लिये विभिन्न तकनीकियों की जानकारी कृषि विशेषज्ञों द्वारा दी गई।

चित्रकूट : कार्यशाला में विशेषज्ञ । फोटो : एसएनबी

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के जिला सलाहकार रामहंस ने बताया कि हरित क्रांति के पश्चात हमारे देश में उत्पादन क्षमता में तीव्रतम वृद्धि हुई है। लेकिन रासायनिक उर्वरकों के अधिक प्रयोग से अनाजों की गुणवत्ता में कमी आई है। इसका मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण में बुरा प्रभाव पड़ रहा है। खेत में मिट्टी को 18 पोषक तत्वों की आवश्यकता अच्छे उत्पादकता के लिये होती है। जिला कृषि रक्षा कृषि रक्षा पर्यवेक्षक रमेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि जैविक खेती के लिये हमेशा गर्मी की जुताई एवं हरी खाद के बुआई करना जरूरी होता है। फसलों की कीटों से रक्षा करने के लिये एकीकृतनाशी कीट प्रबंधन के अन्तर्गत गोमूत्र, नीम, धतूरा, लहसुन, मदार, मिर्च, अंदरक आदि से निर्मित कीटनाशकों का प्रयोग करना चाहिये। उप कृषि निदेशक जगदीश नारायण ने उत्तर प्रदेश में चल रही विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने बताया कि किसान खतौनी, पास बुक की फोटोकॉपी, पहचान पत्र लेकर जिला कृषि कार्यालय मे रजिस्ट्रेशन करा कृषि सामग्री प्राप्त कर लें। इसमें दी जाने वाली सब्सिडी सीधे किसान के खाते में जायेगी। ग्रामोदय विवि के प्रोफेसर डा. पवन सिरोठिया ने बताया कि खेत में कोई भी रासायनिक दवा का इस्तेमाल सोचसकर करना चाहिये। अध्यक्षता कर रहे ग्रामोदय विवि के कृषि संकाय के प्रोफेसर डा. केके सिंह ने किसानों को बताया कि उन्नतिशील बीजों का प्रयोग करने से उत्पादन अच्छा होगा। जिससे आय में भी वृद्धि होगी। इस मौके पर ग्रामोदय विवि के समाज कार्य विभाग के प्रोफेसर डा विनोद शंकर सिह, हिमांशु, अभिषेक, वीरेन्द्र, राहुल, राम प्रकाश मौजूद रहे।

■ रामायण मेला परिसर में हुआ जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

चित्रकूट

कानपुर। शनिवार। 2 मई 2015

अमर उजाला

उन्नतशील बीज बोएं किसान

चित्रकूट। सामाजिक विकास संस्थान द्वारा समेकित प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन परियोजना के तहत बंदरकोल और सेमरिया गांवों में चल रहा किसानों का दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम शुक्रवार को समाप्त हो गया। इसमें किसानों को उन्नत और नई तकनीक की जानकारी दी गई।

कृषि विज्ञान केंद्र मझगवां में विशेषज्ञों ने किसानों को वर्मी कंपोस्ट, जीवामृत, घनजीवामृत, मटका खाद और नई तकनीक की जानकारी दी। अरुण शुक्ला ने बताया कि किसानों को नई तकनीक के तहत उन्नतशील बीज बोने चाहिए। इससे उन्हें अच्छी पैदावार मिलेगी और मुनाफा भी होगा। वीरेंद्र सिंह ने आम, नींबू, करौंदा, अमरूद, आंवला और कटहल की प्रजातियां बताईं। दल का नेतृत्व संस्था के परियोजना समन्वयक जितेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

दैनिक जागरण

चित्रकूट जागरण

कानपुर। 5 जुलाई 2015

अमर उजाला CU चित्रकूट

प्रशिक्षण के दौरान मौजूद किसान और जानकारी देते कृषि विशेषज्ञ।

दिन में कीटनाशक दवा का छिड़काव न करें

अमर उजाला ब्यूरो

चित्रकूट। सामाजिक विकास संस्थान चित्रकूट के संयोजन में चल रही एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन परियोजना के तहत सेमरिया व बंदरकोल ग्राम पंचायत में किसानों को खरीफ की खेती के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें जिला कृषि रक्षा इकाई कर्वी के कृषि विशेषज्ञ रमेश कुशवाहा ने किसानों को बताया कि फसल में दिन में कीटनाशक दवा नहीं डालनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि दिन में मित्र कीड़े और रात में शत्रु कीड़े निकलते हैं। इसलिए फसल में हमेशा शाम को कीटनाशक दवा डालनी चाहिए।

किसानों को बताया कि फसल में फूल आने से पहले ही दवा का छिड़काव करें। उन्होंने बताया कि पारदर्शी योजना रजिस्ट्रेशन के लिए खतौनी, पासबुक की फोटोकॉपी, पहचान पत्र और मोबाइल नंबर लेकर जिला कृषि कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराकर कृषि सामग्री प्राप्त करें। इसमें दी जाने वाली सब्सिडी सीधे किसान के खाते में जाएगी। मृदा विशेषज्ञ पवन शिरोठिया ने कहा कि खेत में मेड़बंदी व समतलीकरण करके मिट्टी के कटाव को रोका जा सकता है। उद्यान विशेषज्ञ डा. शिवशंकर सिंह ने सब्जी और फलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आम, अमरूद, पपीता, बेर, बेल, कटहल एवं फूलों की खेती कर किसान आय बढ़ा सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. केके सिंह ने की। उन्होंने किसानों से उन्नतशील बीज बोने को कहा।

सेमरिया और बंदरकोल ग्राम पंचायत में किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

विशेषज्ञों ने कहा, रात में शत्रु कीड़े निकलते तभी फसलों में डालें दवा

बताया कि इससे अच्छी पैदावार होगी और मुनाफा भी मिलेगा। अंत में ग्रामोदय विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के प्रो. डॉ. विनोद शंकर सिंह ने सभी किसानों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन परियोजना समन्वयक जितेंद्र प्रताप सिंह ने किया।

कार्यक्रम में ग्रामोदय विश्वविद्यालय समाज कार्य के छात्र हिमांशु सिंह, अभिषेक पांडेय, नरेश कुमार, राहुल त्रिपाठी, मोहित सोनी, अजरा अख्तर, संतकुमार, मिथलेश पयासी, ग्राम शिल्पी कृष्णदत्त पटेल, परिवार परामर्श केंद्र की परामर्शदात्री रीता सिंह आदि उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान कानपुर •शुक्रवार •14 अगस्त 2015 06

मजदूर नहीं, प्रबंधक बने किसान

चित्रकूट | हिन्दुस्तान संवाद

सामाजिक विकास संस्थान द्वारा एकीकृत प्राकृतिक प्रबंधन परियोजना के तहत रामायण मेला परिसर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां बंदरकोल एवं सेमरिया गांव के किसानों को खेती के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि किसान को अपने खेत में प्रबंधक के रूप में काम करना चाहिए, मजदूर मानकर नहीं। साल भर की योजना पहले से ही बना लेनी चाहिए।

गुरुवार को रामायण मेला परिसर में हुई कार्यशाला में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के जिला सलाहकार ने कहा कि हरित क्रांति के बाद देश में फसलों की उत्पादन क्षमता बढ़ी है, लेकिन रासायनिक उत्पादों का प्रयोग करने से उत्पादकता में कमी भी आई है। कृषि रक्षा पर्यवेक्षक रमेश कुशवाहा ने बताया कि जैविक खाद के लिए हमेशा गर्मी में जुताई कराना चाहिए। उप कृषि निदेशक जगदीश नारायण ने कई योजनाओं की जानकारी दी। ग्रामोदय विवि के प्रो. पवन सिरोठिया ने भी कई महत्वपूर्ण जानकारी किसानों को दी।

जागरूकता गोष्ठी में किसानों को दी गई जानकारी। • हिन्दुस्तान

राष्ट्रीय सहारा
www.samaylive.com
सच कहने की हिम्मत
राष्ट्रीयता • कर्त्तव्य • समर्पण
चित्रकूट सहारा
कानपुर । रविवार • 5 जुलाई • 2015

खरीफ की बुआई के लिए किसानों को बताये गुर

चित्रकूट, (एसएनबी) ।सामाजिक विकास संस्थान द्वारा संचालित एकीकृत प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन परियोजना के तहत सेमरिया और बंदरकोल में खरीफ की खेती के लिये जागरूकता प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिला कृषि रक्षा इकाई के रमेश कुशवाहा ने फ़सल सुरक्षा के विषय में किसानों से कहा कि दिन में जो कीड़े फसलों में लगते है वह मित्र होते हैं। वहीं रात में शत्रु कीड़े फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं ऐसे में दवाओं का छिड़काव फसल में हमेशा शाम को करना चाहिये। उन्होंने कहा कि कृषि सामग्री प्राप्त करने के लिये कृषक अपना रजिस्ट्रेशन जिला कृषि कार्यालय में करायें। वहीं मृदा विशेषज्ञ पवन सिरोटिया ने कहा कि पांच वर्ष में तीन अंगुल मिट्टी खेत में नई लेयर बनाती है। जिसके बचाव के लिये मेडबंदी व समतलीकरण आवश्यक है। उद्यान विभाग के डॉ शिवशंकर सिह ने सब्जी और फलदार वृक्षों की खेती के लिये किसानों को प्रोत्साहित किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ के के सिंह ने कहा कि किसान उन्नतशील बीज बोयें। ग्रामोदय विश्वविद्यालय समाज कार्य विभाग के डॉ विनोद शंकर सिंह ने कहा कि कृषक पैदावार के लिये विशेषज्ञों की सलाह लें तो लाभ निश्चित है। कार्यक्रम का संचालन परियोजना समन्यवक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने किया। वहीं इस दौरान समाज कार्य विभाग के छात्र हिमांशू सिंह, अभिषेक पाण्डेय, नरेश कुमार , राहुल त्रिपाठी, मोहित सैनी, आजरा अख्तर, संत कुमार, मिथलेश पयासी व कृष्णदत्त पटेल, रीता सिंह आदि प्रमुख रूप मौजूद रहे।

चित्रकूट : जानकारी देते विशेषज्ञ। फोटो : एसएनबी

कानपुर शुक्रवार 14 अगस्त 2015

अमर उजाला चित्रकूट

प्रबंधक बन काम करें किसान

कृषि जागरूकता कार्यशाला का आयोजन, उर्वरकों के अधिक प्रयोग से अनाज की गुणवत्ता में आ रही कमी



सामाजिक विकास संस्थान की जागरूकता कार्यशाला में बोलते उप कृषि निदेशक जगदीश नारायण और मौजूद किसान।

अमर उजाला ब्यूरो

चित्रकूट। एकीकृत प्राकृतिक संसाधन परियोजना के तहत गुरुवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में कृषि जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें संचालक परियोजना समन्वयक जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि किसानों को खेत में प्रबंधक के रूप में काम करना चाहिए, मजदूर बनकर नहीं। अगर एक साल की कार्ययोजना बनाकर काम करेंगे तो उत्पादकता बढ़ेगी। इस मौके पर वक्ताओं ने इस बात पर चिंता जताई कि रासायनिक उर्वरकों के अधिक प्रयोग से अनाज की गुणवत्ता कम हो रही है।

सामाजिक विकास संस्थान के तत्त्वावधान में हुई कार्यशाला में जिला सलाहकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन रामहंस ने बताया कि हरित क्रांति से देश में उत्पादन क्षमता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अधिक प्रयोग से अनाज की गुणवत्ता के साथ ही मनुष्य का स्वास्थ्य और पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। बताया कि खेत में अच्छी उत्पादकता के लिए मिट्टी को 18 पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। उन्होंने किसानों को दलहनी सलाह दी। बताया कि कार्बनिक पदार्थ जैव उर्वरक जिप्सम माइक्रोन्यूट्रिमेंट्स का प्रयोग करना चाहिए। कृषि रक्षा पर्यवेक्षक रमेश कुमार कुशवाहा ने एकीकृत नाशी कीट प्रबंधन को जरूरी बताया। उप कृषि निदेशक जगदीश नारायण ने प्रदेश सरकार की पारदर्शी योजना की जानकारी दी। बताया कि किसान खतौनी पासबुक की फोटोकॉपी, पहचान पत्र, मोबाइल नंबर लेकर जिला कृषि कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराकर कृषि सामग्री प्राप्त करें। इससे सब्सिडी सीधे खाते में आएगी।

ग्रामोदय विवि के प्रोफेसर डा. पवन सिरोठिया ने बताया कि खेत में किसी भी रासायनिक दवा का प्रयोग सोच समझकर करना चाहिए। डा. वाईके सिंह ने बताया कि किसानों को ज्यादा से ज्यादा जैविक खाद का ही प्रयोग करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामोदय विवि के कृषि संकाय के प्रोफेसर डा. केके सिंह ने की। सेमरिया और बंदरकोल के किसानों ने बताया कि खेतों में मेड़बंदी से ही वर्षा का पानी खेत में रुका हुआ है। ग्रामोदय विवि के प्रो. डा. विनोद शंकर सिंह ने सभी का धन्यवाद दिया। मौके पर हिमांशु, अभिषेक, वीरेंद्र, राहुल, रामप्रकाश आदि

'सोच विकसित कर मेहनत करें'

अमर उजाला ब्यूरो

चित्रकूट। जिला औद्यानिक मिशन की योजनाओं में किसानों के चयन के लिए समिति का गठन किया जाए। ये बात डीएम नीलम अहलावत ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिला औद्यानिक मिशन समिति की बैठक में कही। बैठक में आम, आंवला, अमरूद, पपीता, नींबू पुष्पक्षेत्र, मसाला, एकीकृतनाशी जीव प्रबंधन, वर्मी कंपोस्ट खाद, ग्रीन हाउस, पाली हाउस, उद्यान रोपण आदि पर चर्चा की गई। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि वे सोच विकसित कर मेहनत करें, तभी इन योजनाओं में सफलता मिलेगी।

डीएम ने कहा कि जो भी उर्वरक बागबानी के लिए दिए जाएं उसकी तिथि निर्धारित हो। योजनाओं का लाभार्थी को शत प्रतिशत लाभ दिया जाए। डीएम ने बताया कि किसानों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाना है। इसमें पहला प्रशिक्षण गनीवां फार्म में दिया जाएगा। उन्होंने दूसरे प्रशिक्षण के लिए मऊ या मानिकपुर के गांव का चयन करने को कहा।

सलाह

- जिला औद्यानिक मिशन योजना समिति की बैठक में डीएम ने दी सलाह
- किसानों के चयन के लिए समिति का गठन किया जाए

योजना के तहत वर्तमान में बीस बीएचपी ट्रैक्टर दिए जाने का प्रावधान है। अब इनकी जगह दूसरे ट्रैक्टर देने का अनुरोध पत्र शासन को भेजा जाएगा। डीएम ने उद्यान अधिकारी को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति के प्रशिक्षणार्थियों को इस बार हरियाणा में प्रशिक्षण दिलाएं। प्लांट प्रोटेक्शन एक्यूपमेंट योजना के तहत जो भी लाभार्थी इच्छुक हो, वह उद्यान विभाग में आवेदन दे सकता है। डीएम ने

अन्य योजनाओं की भी समीक्षा

जिलाधिकारी ने बुंदेलखंड विकास पैकेज के तहत हॉर्टीकल्चर, पोषक वाटिका, सब्जी पट्टी की स्थापना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की भी समीक्षा की। जिला उद्यान अधिकारी राकेश कुमार को निर्देश दिए कि सरकार से जो भी लक्ष्य प्राप्त हुए हैं, उनको पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरा करें और सही लाभार्थी का चयन करें। ब्लाकों में किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का अंकन करने को कहा।

ग्रेडिंग कर किसान इलाहाबाद, कानपुर की मंडियों में भी बिक्री कर सकते हैं। बैठक में सीडीओ मुजाहिदुल अहसन, वरिष्ठ कोषाधिकारी कमलेश कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक अभिनंदन कुमार, अपर मुख्य अधिकारी एसएन तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी दयाराम कुशवाहा, अधिशासी अधिकारी लालचंद्र सरोज, कार्यक्रम समन्वयक